नोएडा-ग्रेनो में भी हाईस्पीड ट्रेन

रेपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम के दूसरे फेज के लिए एनसीआर प्लॉनिंग बोर्ड का सर्वे शुरू, लाखों लोगों को होगा इस रूट से फायदा

गौरव त्यागी

नोएडा

नोएडा-ग्रेटर नोएडा के लाखों लोगों को भी हाईस्पीड सफर का आनंद मिलेगा क्योंकि यह क्षेत्र रेपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के दूसरे फेज से जुड़ेगा। इस फेज में हाईस्पीड रेल से खुर्जा-हापुड़ को गाजियाबाद से जोड़ा जाएगा। इससे नोएडा सेक्टर 62, नोएडा एक्सटेंशन, लालकुआं, दादरी, सिकंदराबाद, बुलंदशहर आउटर और खुर्जा के लाखों लोगों का दिल्ली आवागमन आसान हो जाएगा क्योंकि इस रूट पर सौ किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ने वाली एसी हाईस्पीड ट्रेन चलेगी।

एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के अनुसार बोर्ड दिल्ली में आवास की समस्या के चलते आसपास के शहरों तक हाईस्पीड ट्रेन दौड़ाने की कवायद में जुटा है। पहले चरण में दिल्ली-मेरठ और दिल्ली-अलवर ट्रैक का डीपीआर तैयार हो रहा है। दूसरे चरण में एनसीआर प्लानिंग बोर्ड गाजियाबाद-खुर्जा और गाजियाबाद-हापुड़ के बीच ट्रेन चलाने की तैयारी है। इसके लिए प्लानिंग बोर्ड ने अपने सर्वे शुरू कर दिए हैं। हापुड़ और खुर्जा रूट से लाखों लोग रोज दिल्ली आवागमन करते हैं। यहां हाईस्पीड ट्रेन शुरू होने से लाखों लोगों को समय और पैसे की बचत होगी। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन की रफ्तार करीब सौ किलोमीटर प्रतिघंटा होगी। यह मेट्रो से बड़ी होगी और पांच से दस

गाजियाबाद से जुड़ेंगे खुर्जा और हापुड़

100 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ने वाली एसी हाईस्पीड ट्रेन चलेगी इस रूट पर

क्या हाईस्पीड ट्रेन

इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे के अनुसार दो सौ किलोमीटर से ज्यादा लंबी लाइन पर तीव्र गति से चलने वाली गाड़ी हाईस्पीड ट्रेन है। इसे नौकरीपेशा लोगों को ध्यान में रखकर चलाया जाता है। ट्रेन चलने से बड़े शहरों पर मकानों का दबाव कम होता है।

पांच से दस किलोमीटर के बीच इस रूट पर बनेंगे स्टेशन

स्टेशनों को ध्यान में रखकर नई टाउनशिप विकसित हो सकती हैं

इन टाउनशिप से एनसीआर के

क्या है योजना

पहले चरण में दिल्ली-मेरठ और दिल्ली-अलवर ट्रैक का डीपीआर तैयार हो रहा है।

दूसरे चरण में खुर्जा और हापुड़ तक जाएगी ट्रेन। इससे लाखों यात्रियों को